महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 15.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।



पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार सहित अन्य अधि./कर्म.गण मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.02.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

"मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 15.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

साइकिल पाकर ग्राम प्रहरी (चौकीदारों) के खिले चेहरे-

आज दिनांक- 15.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा के विभिन्न थानाक्षेत्रों में तैनात एवं पुलिस के सूचना तंत्र की मजबूत कड़ी के रुप में कार्यरत ग्राम प्रहरियों की कार्यक्षमता बढाने के लिये प्रहरियों/चौकीदारों को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।

जनपद महोबा में ग्राम चौकीदारों के मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में पुलिस लाइन महोबा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों के 47 ग्राम चौकीदारों को साइकिल प्रदान की गयी है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा चौकीदारों से संवाद कर उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का बोध कराया, बताया कि ग्राम चौकीदार की सक्रियता अपराध नियंत्रण मे अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी को बीट पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी के लगातार संपर्क में रहने एवं अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने, नये बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही, भूमि विवाद, अवैध शराब एवं अन्य विविध प्रकार के अपराधों की सूचना सम्बन्धित थाने को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि./रा. श्री रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, एसआईएपी श्री नरेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

चौकीदारों को साइकिल देने की वजह: अपराधों पर नज़र रखने में मदद मिलेगी, अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी, अपने इलाके में बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी।

चौकीदारों के कर्तव्य: अपने प्रभार वाले इलाके में अपराधों पर नज़र रखना, अपराधों को रोकना, ग्राम प्रधान से रिपोर्ट लेना, अपराधियों की खोज में मदद करना, अपने प्रभार वाले इलाके की रक्षा करना, अपने प्रभार वाले इलाके की देखभाल करना।